बिहार सरकार
महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा का कार्यालय,
गृह रक्षा विहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना।

पत्रांक–O-XI-45-2023 part-1 1174 ....... दिनांक– 21/02/2025

सेवा में,

सभी वरीय जिला समादेष्टा/जिला समादेष्टा,
बिहार गृह रक्षा वाहिनी।

विषयः– **राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु 15,000 पदों के विरूद्ध स्वच्छ नामांकन की तैयारी करने के संबंध में।**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु बिहार गृह रक्षा वाहिनी में 15000 पदों के नामांकन की कार्रवाई उच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जानी है। इस क्रम में आने वाली चुनौतियों यथा–पारदर्शिता, तकनीक, शारीरिक दक्षता जाँच हेतु स्थल चयन, अनुमानित खर्च एवं विधि–व्यवस्था आदि पर बिहार गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय, पटना में उप–महासमादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा वृहद रूप से विचार विमर्श किया गया। उक्त समिति द्वारा की गयी अनुशंसाओं के आलोक में निम्नांकित निर्देश दिये जाते हैः–

01. राज्य के सभी जिलों में जिला स्तर पर गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा के साथ चयन **प्रक्रिया 30 अप्रैल, 2025 तक** समाप्त कर प्रशिक्षण हेतु अनुशंसा मुख्यालय को भेज दी जायेगी।
02. शारीरिक दक्षता परीक्षा में पारदर्शिता के लिए यह आवश्यक है कि इसमें आधुनिक तकनिकों का उपयोग किया जाय, जो निम्नवत है –

   i. Biometric Data and Photo Capture of the Candidate.
   ii. Biometric Verification and Photo Authentication of the Candidate.
   iii. CCTV- Live Recording and registration and slip generation of each event which can be given to candidate on spot showing timing and marks etc of each Event.
   iv. UHF RFID-Based Race Timining System. - (दौड़ के लिए)।
   v. Digital PST (Physical Standard Test) Machine for Automated Height and Chest Measurement. - (ऊँचाई/सीना माप के लिए)।
   vi. Laser-Based Digital Long Jump Measurement System.- (लम्बी कूद के लिए)।
   vii. Laser-Based Digital Shot Put Measurement System.- (गोला फेंक के लिए)।

03. आधुनिक तकनीक उपकरणों की व्यवस्था जिला स्तर से ही की जानी है। अतः इसकी तैयारी जिला समादेष्टा अभी से ही प्रारम्भ कर देंगें। **इसके लिए यदि निविदा की आवश्यकता होगी तो जिला पदाधिकारी के माध्यम से निविदा प्रकाशित करा कर ऐजेंसियों का चयन अग्रिम रूप से ही कर लेंगें।**
04. उक्त के अतिरिक्त मैदान का चयन एक महत्वपूर्ण बिन्दु है। इसका चयन जिला चयन समिति द्वारा भी शीघ्र कर लिया जायेगा। यदि कोई स्टेडियम उपलब्ध हो तो इसे प्राथमिकता दी जायेगी।
05. अन्य आवश्यक समाग्री यथा–टेंट, कुर्सी, स्टेशनरी, अल्पाहार आदि की व्यवस्था जिला स्तर पर अनुमोदित दर पर किया जा सकता है।
06. समिति के आकलन के अनुसार राज्यभर में 15000 रिक्तियों के विरूद्व कुल 20 लाख आवेदन पत्रों की संख्या अनुमानित है। अतः जिलावार अनुमान्य किया जाय तो रिक्तियों के अनुसार अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों का 133 गुणा होने का अनुमान है। तदनुसार सभी जिला समादेष्टाओं को अभ्यर्थियों की संख्या का अनुमानित आकलन करते हुए तैयारी प्रारम्भ करने का निदेश दिया जाना अपेक्षित है।
07. जिला स्तर पर आयोजित होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रति अभ्यर्थी 100 से 150 रूपया का खर्च अनुमानित है।
08. शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान विधि–व्यवस्था संधारण हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु मानव संसाधन (Human Resource Assessment) का आकलन कर लेंगें।
09. सभी जिला नियंत्रण कक्ष अपने जिला से संबंधित प्रतिवेदन मुख्यालय के नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध करायेंगे।

इस संदर्भ में तैयार की गई चेक लिस्ट की प्रति भी संलग्न कर भेजी जा रही है।

**<u>अनुलग्नकः–यथोपरि।</u>**

**पुलिस महानिरीक्षक–सह–अपर महासमादेष्टा,**
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ,
बिहार, पटना।

प्रतिलिपिः–

01. उप–सचिव, गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
02. सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेशित।

**पुलिस महानिरीक्षक–सह–अपर महासमादेष्टा,**
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ,
बिहार पटना।

# चेक लिस्ट

| शारीरिक जाँच स्थल से संबंधित | | | |
|---|---|---|---|
| क्र०सं० | कार्य | हाँ | नहीं |
| 1 | मैदान की बुकिंग | | |
| 2 | मैदान का समतलीकरण | | |
| 3 | मैदान की बैरीकेडिंग | | |
| 4 | ट्रैक का मानकीकरण | | |

| टेन्ट पण्डाल आदि से संबंधित | | | |
|---|---|---|---|
| क्र०सं० | कार्य | हाँ | नहीं |
| 1 | टेन्ट, पंडाल, कुर्सी, मेज, रौशनी की व्यवस्था | | |
| 2 | साउन्ड सिस्टम की व्यवस्था | | |
| 3 | भोजन एवं नास्ता की व्यवस्था | | |
| 4 | शौचालय की व्यवस्था | | |
| 5 | पेय जल की व्यवस्था | | |
| 6 | सफाई की व्यवस्था | | |
| 7 | सी0सी0टी0वी0 | | |

| शारीरिक जाँच–माप से संबंधित | | | |
|---|---|---|---|
| क्र०सं० | कार्य | हाँ | नहीं |
| 1 | Height Measurement Stand, Shortput एवं Long Jump के लिए Additional Measurement Scale का मानकीकरण | | |
| 2 | शारीरिक जाँच परीक्षा (दौड़) हेतु RFID की व्यवस्था | | |
| 3 | Digital PST की व्यवस्था | | |
| 4 | Digital Long Jump and Shortput Measurement की व्यवस्था | | |
| 5 | हाई जम्प हेतु जम्पिंग कुशन की व्यवस्था | | |
| 6 | चिकित्सा परीक्षा दल में ENT Doctors की व्यवस्था | | |
| 7 | CSC (Biometric verification हेतु) की व्यवस्था | | |

| स्टेशनरी से संबंधित | | | |
|---|---|---|---|
| क्र०सं० | कार्य | हाँ | नहीं |
| 1 | स्टेशनरी, यथा– कागज, कलम, कार्बन, मोहर, मोहर पैड, स्टेंपलर, पेन्सिल, लाह, ब्रॉन्ज मोहर, ताला, पेटी, टैग, नास्ता–भोजन कूपन इत्यादि की व्यवस्था। | | |
| 2 | फार्म का मुद्रण, यथा–निबंधन फार्म, बायोमैट्रिक, CSC, दौड़, हाईट–चेस्ट, लॉंग जम्प, हाई जम्प, गोला फेक, मेडिकल, अपील आपत्ति आदि के फार्म का मुद्रण | | |

| अन्यान्य | | | |
|---|---|---|---|
| क्र०सं० | कार्य | हाँ | नहीं |
| 1 | शारीरिक परीक्षा से संबंधित अभिलेखों को जिला कोषागार में रखने की व्यवस्था | | |
| 2 | परीक्षा स्थल की रात्रि सुरक्षा व्यवस्था | | |
| 3 | परीक्षा स्थल पर चिकित्सा सहायता हेतु चिकित्सक दल की उपलब्धता (एम्बुलेन्स सहित) | | |